## Issue of Farmers? suicides in Karnataka

**श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) :** महोदय, मैं किसानों के बहुत ही गंभीर विषय पर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ । कर्नाटक में पिछले एक वर्ष में 1200 किसानों ने कर्नाटक सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण आत्महत्याएं कर लीं । वहीं उनके एक मंत्री ने किसानों के लिए कहा कि किसान आत्महत्याएं इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि 5 लाख रुपये किसानों को मिलते हैं । यह बड़े शर्म की बात है । हमारी भाजपा की सरकार ने 4 हजार रुपये उस समय दिए थे । माननीय प्रधान मंत्री जी ने ?प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि? में ऐड किए थे, उसको भी बंद कर दिया है । मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि कर्नाटक के अंदर किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं । केन्द्र के सांसदों की एक सर्वदलीय कमेटी बना कर भेजने की कृपा करें ।